दिनांक 29.05.2021 स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

मच्छर उन्मूलन के तहत भिलाई निगम क्षेत्र में हो रही है फाॅगिंग

भिलाईनगर / निगम भिलाई के स्वच्छता कर्मचारी वार्ड क्षेत्रों के सकरी गली मोहल्लों में हैंड स्प्रे से फाॅगिंग कार्य में जुटे हुए हैं तथा बड़े क्षेत्रों में व्हीकल माउंटेन से फागिंग कर रहे हैं ताकि मच्छरों का उन्मूलन किया जा सके। डेंगू बीमारी से बचाव हेतु मच्छरों के प्रकोप के रोकथाम करने शहर के वार्डों में फाॅगिंग कार्य किया जा रहा है। निगम क्षेत्र के नालियों व जलजमाव वाले स्थानों में मलेरिया ऑयल का छिड़काव किया जा रहा है! मच्छरों का खात्मा करने के लिए निगम प्रशासन शाम को हैन्ड स्प्रे व व्हीकल माउंटेन वाहन के माध्यम से धुआं छोड़कर फाॅगिंग करा रही है। डेंगू मच्छर के लार्वा को नष्ट करने के लिए टेमीफास् का उपयोग किया जा रहा है! टीम वार्डों में घर-घर जाकर गमले, टायर व घर में रखे अनुपयोगी पात्रों में जमा पानी का निरीक्षण कर रहे हैं। साथ ही डेंगू जैसी बीमारी से बचाव के लिए जागरूकता प्रसारित कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने डेंगू नियंत्रण को लेकर लगातार गतिविधियां जारी रखने के निर्देश दिए! जोन क्रमांक 4 के जोन स्वास्थ्य अधिकारी महेश पांडे अंकित सक्सेना ने बताया कि सोनिया गांधी नगर वार्ड क्रमांक 37 के सुभाष नगर, बमलेश्वरी मंदिर के पीछे एवं बैरागी मोहल्ला में फागिंग कराया गया है, वार्ड क्रमांक 25 संतोषी पारा काली मंदिर क्षेत्र में तथा जोन क्रमांक 1 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 3 नेहरू नगर पूर्व उड़िया में एवं मराठी बस्ती में फागिंग का कार्य किया गया है! वहीं जोन क्रमांक 2 वैशाली नगर क्षेत्र में टेमीफास् का वितरण भी किया जा रहा है!